संपादक :- रंजीत सिंह

RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 13 | मेरठ, मंगलवार, 21 जुलाई 2026 | पृष्ठ: 04 | मूल्य : एक रूपया

## महिला आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर जसात में महिलाओं ने भरी हुंकार

### आत्मनिर्भर बनना है तो संसद और विधानसभा में पहुंचना होगा - पर्ल चौधरी

» एजेंसी। गुड़गांव

हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पटौदी की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी पर्ल चौधरी ने शुक्रवार को गांव जसात में महिला आरक्षण कानून लागू कराने के लिए आयोजित जनजागरण अभियान के तहत महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को 21 जुलाई को जंतर-मंतर पर आयोजित ?चलो संसद? अभियान में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।पर्ल चौधरी ने महिलाओं से पूछा कि क्या भाजपा के संकल्प पत्र के अनुसार उन्हें 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिला क्या लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपये उनके खातों में पहुंचे बैठक में उपस्थित महिलाओं ने सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर नाराजगी जताते हुए भाजपा सरकार की विफलताओं का उल्लेख करते हुए रोष व्यक्त किया। बकौल पर्ल चौधरी भाजपा आत्मनिर्भर गांव और आत्मनिर्भर किसान की बात करती है, लेकिन यदि महिलाओं को वास्तव में आत्मनिर्भर बनाना है तो उन्हें विधानसभा और संसद तक पहुंचकर कानून बनाने और अपने अधिकार लागू करवाने में भागीदारी करनी होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के नाम पर महिलाओं को कोरा आश्वासन दिया है जबकि आज तक महिला आरक्षण लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश की महिलाएं सरकार को महिला आरक्षण कानून आज करो, अभी करो के लिए मजबूर करें। कार्यक्रम में महिलाओं ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में चल रहे पोस्टकार्ड अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पोस्टकार्ड भी लिखे। इसमें दो प्रमुख मांगें रखी गईं। जिसमें पहली मांग नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 को तत्काल लागू किया जाए, और दूसरी, महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को भी एससी-एसटी महिलाओं की तर्ज पर न्यायपूर्ण हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए। पर्ल चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा जारी नंबर पर मिस्ड कॉल अभियान में भी सहभागिता कराई। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि महिला शक्ति के समर्थन में गांव के अनेक पुरुष भी आगे आए और अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर पर्ल चौधरी ने पटौदी क्षेत्र के स्थानीय मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मीडिया के समझ कहा कि जाटौली कॉलेज में सीवरेज का पानी पहुंचना शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जींद में उद्घाटनों की श्रृंखला चला रहे हैं, जबकि बिनोला रक्षा विश्वविद्यालय, जिसकी भूमि कांग्रेस सरकार के समय उपलब्ध कराई गई थी, पिछले 12 वर्षों में कोई ठोस प्रगति नहीं कर पाया है। उन्होंने बिलासपुर सड़क, पहाड़ी रेलवे ओवरब्रिज तथा क्षेत्र की अन्य अधूरी विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जनता को सुविधाएं नहीं मिल सकीं। यदि यही धन स्कूलों और अस्पतालों पर खर्च होता तो क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा और लोगों के स्वास्थ्य को अधिक लाभ मिलता। कार्यक्रम में पटौदी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र चौहान, रविंद्र कुमार, रमेश चौहान, रिशाल सिंह नम्बरदार, सोमवती, पुष्प देवी, उर्मिला, मीना, इंदर, संतोष, शकुंतला, मुकेश चौहान, राजेंद्र सिंह, रमेश खंडेवाला, प्रवीण सरपंच, प्रवीण पार्षद, वारंट ऑफिसर (सेवानिवृत्त) हरि सिंह, बीर सिंह, सुनील, सत्यवीर, युद्धवीर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।





## कुछ समस्या है तो बात करें, विरोध प्रदर्शन करने का कोई मतलब नहीं

» एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने सोमवार को कहा कि अगर प्रदर्शनकारियों को कोई समस्या है तो बात करनी चाहिए और प्रदर्शन करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से यह भी कहा कि मोदी सरकार युवाओं और छात्रों के साथ हमेशा खड़ी रही है और बहुत कुछ किया है। उत्तर प्रदेश के मथुरा से लोकसभा सदस्य ने कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संसद मार्च के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''अगर कुछ समस्या है तो चर्चा करनी चाहिए। इस तरह से प्रदर्शन करने से कुछ काम नहीं होगा देश के युवाओं और शिक्षा के लिए मोदी सरकार ने बहुत काम किया है..जो आप प्रदर्शन कर रहे हैं इसका कोई मतलब नहीं है। बात करके इसका समाधान करना चाहिए।''

## जीरो पॉवर्टी अभियान के पात्र परिवारों का बने अंत्योदय कार्ड, सभी योजनाओं से जोड़ा जाए: योगी

» एजेंसी। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की छठी बैठक में प्रदेश में संचालित प्रमुख आधारभूत संरचना, औद्योगिक विकास, निवेश, जनकल्याण और सेवा वितरण से जुड़ी परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने जीरो पॉवर्टी अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की विशेष टीम गठित कर पात्र परिवारों का अंत्योदय कार्ड बनवाया जाए और उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास सहित सभी पात्र योजनाओं से चरणबद्ध रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का समग्र लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचना चाहिए। बैठक में बताया गया कि जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत 12.50 लाख परिवारों का सर्वेक्षण किया गया है। इनमें लगभग 9 लाख परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र पाए गए हैं, जबकि लगभग 5 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जाना है। इसके अतिरिक्त 6.67 लाख परिवारों के पास अभी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं हैं। इनमें से लगभग 5 लाख लोगों का भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण हो चुका है, जबकि शेष पात्र परिवारों का पंजीकरण कराया जा रहा है। साथ ही 10.60 लाख परिवारों के एक सदस्य को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की प्रमुख एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। फरुर्खाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 88.45 प्रतिशत, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 72.71 प्रतिशत, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 63 प्रतिशत तथा जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 59.35 प्रतिशत भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने मेरठ-हरिद्वार, विंध्य, विंध्य-पूर्वांचल तथा नोएडा-जेवर लिंक एक्सप्रेसवे सहित सभी प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित जिलाधिकारियों को 31 जुलाई तक भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जनता की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता: मौर्य



» एजेंसी। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन कार्यक्रम में आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं व प्रकरणों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में दो दर्जन जिलों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उनके आवास 7-कालिदास मार्ग पर सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें भूमि एवं राजस्व विवाद, अवैध कब्जे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, विद्युत, पेयजल, पुलिस प्रशासन, शिक्षा, रोजगार आदि मामले थे। केशव प्रसाद ने कहा कि जनता दर्शन सरकार और जनता के बीच विश्वास व संवाद का मजबूत माध्यम है। जनता की समस्याओं को सुनना, उनका समाधान करना और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण केवल औपचारिकता के रूप में नहीं, बल्कि उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाए। जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही, उदासीनता या अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। लापरवाही करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों व जरूरतमंद वर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन ही सुशासन की पहचान है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान कर उसे न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता है। जन समस्याओं का निस्तारण भी होगा और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा।

## युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है सरकार

» एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को गलत बताते हुए आरोप लगाया है कि सरकार युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। श्री खरगे ने सोमवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सरकार युवाओं और छात्रों पर लाठीचार्ज करा रही है। यदि सरकार परीक्षाएं कराने में सक्षम नहीं है तो उसे सत्ता छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने अयोध्या को लेकर भी सरकार पर हमला किया और कहा कि भगवान राम के नाम पर चढ़ावे की चोरी हुई और अब राम भक्तों के नाम पर जनता के पैसे की लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था, इसलिए उन्हें इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि पेपर लीक के खिलाफ छात्र जंतर-मंतर पर बैठे हैं लेकिन उन पर लाठीचार्ज कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शिक्षा नीति पर चर्चा की मांग कर रही है, क्योंकि उसमें गंभीर खामियां हैं, लेकिन सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। इसके बजाय प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और उनके साथ मारपीट की जा रही है। इस बीच, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद परिसर में दिए गए संबोधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने मानसून सत्र की शुरुआत अपने पुराने और खोखले भाषण से की, लेकिन उन मुद्दों का कोई उल्लेख नहीं किया जिन पर विपक्ष सरकार से जवाब चाहता है।

## सम्पादकीय

### विवादों से घिरा रहा सबसे बड़ा वर्ल्ड कप

आखिरकार फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में स्पेन के हाथों पिछले चैंपियन अर्जेंटीना की हार के साथ ही दुनियाभर में छाया फुटबॉल का खुमार थम गया। निस्संदेह, यह फुटबॉल के इतिहास का सबसे बड़ा विश्वकप था। संभवतः हाल के दशकों में संपन्न विश्वकप मुकाबलों में सबसे अधिक विवादास्पद भी। इस आयोजन को सफल बनाने में तीन मेजबान देशों—अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की भागीदारी रही है। इस टूर्नामेंट में 48 टीमों ने शिरकत की और 104 मैचों का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने फुटबॉल की वैश्विक लोकप्रियता को तो दिखाया ही, साथ ही इस खेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठ खड़े हुए। बहरहाल, स्पेन ने 16 साल बाद अपना यह दूसरा खिताब जीता। उसने एक औसत दर्जे के फाइनल मुकाबले में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। वहीं दूसरी ओर तीसरे स्थान के लिए कड़ा मुकाबला टूर्नामेंट की दो सबसे शानदार टीमों इंग्लैंड और फ्रांस के बीच हुआ। इस बेहद रोमांचक और यादगार मुकाबले में इंग्लैंड ने 6-4 से जीत हासिल की। वहीं इस टूर्नामेंट में कुछ अल्प ज्ञात टीमों का प्रदर्शन फुटबॉल की दुनिया में उम्मीद जगाने वाला रहा। इस विश्व कप में केप वर्डे, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और कुराकाओ जैसे छोटे देशों का प्रेरणादायक खेल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। बहरहाल, एक बार फिर किलियन एम्बाप्पे और लियोनेल मेसी जैसे फुटबॉल के बड़े सितारों ने इस सबसे बड़े मंच पर अपनी चमक बिखेरी। दूसरी ओर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए एक बार फिर कहानी निराशाजनक रही। उनके प्रशंसक उनकी यादगार विदाई चाहते थे। लेकिन किसी भी खिलाड़ी की कामयाबी में टीम वर्क की बड़ी भूमिका होती है। खिलाड़ियों की साझी भूमिका से ही बड़े स्टार खिलाड़ी चमक सकते हैं। यही वजह है कि किलियन एम्बाप्पे और लियोनेल मेसी जैसे अद्भुत खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद विश्वकप खिताब से वंचित रह गए। निस्संदेह, किसी भी मजबूत टीम के नगीनों के साझे प्रयास से ही स्वर्णिम सफलता का निर्धारण हो पाता है। बहरहाल, अब तक के सबसे बड़े और तीन देशों में खेले गए इस टूर्नामेंट के साथ कई तरह के विवाद भी जुड़े। टेक्नोलॉजी पर फीफा की बढ़ती निर्भरता को लेकर भी आलोचकों ने सवाल उठाये। विशेष रूप से वीडियो असिस्टेंट रेफरी यानी वीएआर सिस्टम को लेकर संशय पैदा हुआ। फुटबॉल प्रेमियों ने माना कि यह सिस्टम भरोसेमंद नहीं है। इसके उपयोग और भूमिका को लेकर कई खिलाड़ियों, कोचों और दर्शकों में नाराजगी देखी गई। वहीं दूसरी ओर अनिवार्य हाइड्रेशन ब्रेक को लेकर भी काफी हंगामा देखने में आया।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया

» संवाददाता

धामपुर। प्रियंका मॉडर्न स्कूल के खिलाड़ियों ने जिलास्तरीय अंडर-19 अंतर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। शनिवार को आर.आर. मोरारका पब्लिक स्कूल, द्वारिकेश नगर द्वारा आयोजित आर.आर. मोरारका मेमोरियल अंतर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट में जनपद के 16 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रियंका मॉडर्न स्कूल के कक्षा 12 के छात्र अभिनव तोमर, आशुष शर्मा, अमन विश्नोई तथा कक्षा 10 के छात्र अक्षत भारद्वाज ने एकल एवं युगल मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की और टीम को द्वितीय स्थान दिलाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। सोमवार को प्रार्थना सभा में विद्यालय निदेशक राणा प्रियंकर सिंह, प्रशासिका अदिति सिंह तथा प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने सभी खिलाड़ियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।



प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने कहा कि प्रियंका मॉडर्न स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जा रहा है।

विद्यार्थियों को जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से विद्यालय में क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, घुड़सवारी और शूटिंग जैसी खेल सुविधाएं प्रशिक्षित कोचों के मार्गदर्शन में उपलब्ध कराई गई हैं। आधुनिक स्टेडियम की व्यवस्था भी की गई है, ताकि छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके। इस उपलब्धि में बैडमिंटन कोच संजीव सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर राजीव, मयंक कौशिक, एसके देवरा, मोहम्मद तबरेज, कामेंद्र चौहान, डी.पी. सिंह, कमल भट्ट, रूपराज सिंह तथा खेल विभागाध्यक्ष मोहित चौहान सहित विद्यालय के शिक्षकों ने खिलाड़ियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एथलेक्टिस चैंपियनशिप में ओवरऑल ट्रॉफी



» संवाददाता

बड़ौत। नगर के जेपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने हरिद्वार के पुलिस मॉडर्न स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 19 एथलेटिक्स चैंपियनशिप उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ ओवरऑल ट्रॉफी, अंडर-14 में सर्वश्रेष्ठ चैंपियनशिप ट्रॉफी और अंडर-17 मे एक सर्वश्रेष्ठ चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। साथ ही छात्र कार्तिक शर्मा को अंडर-17 बेस्ट एथलीट ट्रॉफी जीती।

17 वर्षीय बालक वर्ग में कार्तिक शर्मा ने 100 मीटर और 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीते। शिवम तोमर ने 400 मीटर में स्वर्ण पदक और 800 मीटर रजत पदक जीता। सिद्धार्थ तोमर ने भाला फेंक में रजत पदक,वंश दांगी ने लंबी छलांग में स्वर्ण पदक, रिले रेस में 4 गुणा100 मीटर में कार्तिक शर्मा, शिवम तोमर, अरिहंत तोमर, अमृत शर्मा व मयंक तोमर ने स्वर्ण पदक हासिल किया। रिले रेस 4 गुणा100 मीटर में कार्तिक तोमर, वंश दांगी, लक्ष्य तोमर,अभिजीत नैन, भारत दांगी ने रजत पदक जीता। रिले रेस में 4 गुणा400 मीटर में कार्तिक शर्मा, शिवम तोमर, अरिहंत तोमर, अमृत शर्मा, मयंक तोमर ने स्वर्ण पदक हासिल किया। स्कूल की निदेशिका शरन शर्मा ने इन सभी खिलाड़ी छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है स्कूल के निदेशक गौरव शर्मा व अभिषेक शर्मा ने विजेताओं की सराहना की। स्कूल के पीटीआई विनय सहरावत एवं अनुज उज्ज्वल का सहयोग रहा। वहीं विद्यालय में सोमवार को छात्राओं को सर्वाइवल कैंसर के टीके लगाए गए।

## हेड गर्ल आरुषि के नेतृत्व में छात्रों ने संभाली कमान

» संवाददाता

बड़ौत। ग्रोवैल स्कूल गर्ल्सविंग में सोमवार को छात्राओं में नेतृत्व क्षमता अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पद एवं दायित्व ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12 की आरुषि को हेड गर्ल तथा कक्षा 11 की सृष्टि को वाइस हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इसके अलावा अदिति को स्पोर्ट्स हेड, शिवांगी को वाइस स्पोर्ट्स हेड, अर्वतिका को कल्चरल हेड, वनिका को वाइस कल्चरल हेड, खनक को डिसिप्लिन हेड, अंजलि को वाइस डिसिप्लिन हेड, कृतिका को साइबर सिक्योरिटी हेड, भुवी को वाइस साइबर सिक्योरिटी हेड, गुनिका को लॉजिस्टिक्स हेड, कीर्ति को वाइस लॉजिस्टिक्स हेड, धनिका को मीडिया हेड, प्रज्ञा को वाइस मीडिया हेड, आराध्या को क्लब हेड, शालिनी को वाइस क्लब हेड, प्रज्ञा को हॉस्पिटैलिटी हेड, याशिका को वाइस हॉस्पिटैलिटी हेड, दिशिता को एनवायरमेंटल हेड, अंशी को वाइस एनवायरमेंटल हेड, अवनी राठी को एलुमनाई हेड तथा आरोही को वाइस एलुमनाई हेड का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के चारों हाउसों के कैप्टन एवं उप-कैप्टन को भी बैज और सैश पहनाकर पदभार ग्रहण कराया गया। इनमें अर्पणा हाउस की कैप्टन हर्षा मलिक, आर्य हाउस की कैप्टन आरजू तोमर, आध्या हाउस की कैप्टन कृतिका तोमर तथा अनंता हाउस की कैप्टन अवनी राठी शामिल रहीं। हाउस परिषद के अन्य पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

## गाजियाबाद टाइटंस ने 184 रन से मैच जीता

» संवाददाता

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन स्थित गिरिराज क्रिकेट मैदान में चल रही लीजेंड्स प्रीमियर लीग में सोमवार को गाजियाबाद नाइट्स और गाजियाबाद टाइटंस के बीच एलीमिनेटर मैच खेला गया। मैच में गाजियाबाद टाइटंस ने 184 रन से जीत हासिल की। टॉस जीतकर गाजियाबाद नाइट्स ने गेंदबाजी चुनी और गाजियाबाद टाइटंस को बल्लेबाजी करने का मौका दिया। टीम ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 237 रन बनाए। विनीत श्रीवास्तव ने 53, रोहित और प्रवीण त्यागी ने तीन-तीन विकेट लिए। विरोधी टीम से केशव चौधरी ने दो विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी गाजियाबाद नाइट्स की टीम 11.1 ओवर में मात्र 53 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

## दिव्यांगों को योजनाओं की जानकारी दी

गाजियाबाद। विकास भवन में सोमवार को दिव्यांग मॉनिटरों के साथ दिव्यांग अधिकारी ने बैठक की। इसमें मॉनिटरों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला दिव्यांगजन अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि जिले में दिव्यांगों की मदद करने के लिए दिव्यांग मॉनिटर बनाए हुए हैं। इनको सोमवार को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई है। मॉनिटरों को दिव्यांग पेंशन, सहायक उपकरण, फ्री रेल और बस पास सहित टोल टैक्स आदि योजनाओं की जानकारी दी गई।

## छात्र संसद का गठन

» संवाददाता

गाजियाबाद। दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के स्थित लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार छात्र संसद का गठन किया गया। नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ भी दिलाई गई। प्रधानाचार्य महेश बाबू ने बताया कि सार्थक चौधरी को प्रधानमंत्री, परिधि कौशिक को उप प्रधानमंत्री, अर्पणा त्यागी को सेनापति, अर्णव चौधरी को उप सेनपति और दिव्यांश को विपक्ष का नेता चुना गया।

# मूलचंद अकादमी में वाद-विवाद, निबंध और कला प्रतियोगिताओं का आयोजन

» संवाददाता

नजीबाबाद। मूलचंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से वाद-विवाद, निबंध और कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने 'ऑनलाइन लर्निंग बनाम पारंपरिक लर्निंग' विषय पर अपने विचार रखे। अंग्रेजी वर्ग में टैगोर हाउस की मानवी और सुभाष हाउस की अजरा प्रथम, जबकि अशोक हाउस की भूमिका और टैगोर हाउस की अलीना द्वितीय स्थान पर रहीं। हिंदी वर्ग में टैगोर हाउस के हमजा और दानिया ने प्रथम तथा अशोक हाउस की जोया और विवेकानंद हाउस के हरितिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी एवं अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता में कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों ने '2047 तक विकसित भारत के निर्माण में एआई की भूमिका' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा नौ की मलिहा, आफिया और वजिहा तथा कक्षा दस की भूमिका, कार्तिक और हर्षप्रीत सिंह ने प्रभावशाली लेखन का प्रदर्शन किया। कला प्रतियोगिता में कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों ने 'भारत : 1947 से भारत : 2047' विषय पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता दिखाई। कक्षा 11 की अलफीना नाज, उजमा परवीन, अंश चौहान और अशना गुल तथा कक्षा 12 की ईरान नूर, महक मलिक और फायजा अहमद ने अपनी कलाकृतियों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान (एडवोकेट), उपप्रधानाचार्या सुनीता सिंह तथा शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# विधायक ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



» संवाददाता

नहटौर। भारतीय जनता पार्टी के 12 साल बेमिसाल अभियान के अंतर्गत विधायक ओम कुमार ने ग्राम सिकन्दरपुर, सिजौली एवं सुल्तानपुर में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रमों में सहभागिता कर ग्रामीणों को केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर विधायक ओम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की हैं, जिनका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। ग्राम चौपाल के दौरान विधायक ओमकुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल विकास कार्य कराना ही नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना भी है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष भटियाना हिमांशु पाराशर, मंडल अध्यक्ष हल्दौर पीयूष चौहान, कुनाल चांग, चमन दहिया, प्रधान महिपाल सिंह, मास्टर सुनील कुमार, अंकुश, गौरव कुमार, राकेश चेयरमैन, नरेश चेयरमैन, निश्चल चौहान, सूर्य प्रताप शुक्ला, अनुभव शर्मा, मनजीत सिंह आदि भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर शासन अलर्ट, मुख्य सचिव और डीजीपी ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

» संवाददाता

मेरठ। कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए शासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को मेरठ मंडलायुक्त सभागार में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश एसपी गोयल और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण की संयुक्त अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़ और मुरादाबाद मंडल के साथ उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया।




बैठक में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों का प्रस्तुतिकरण भी दिया।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि कांवड़ यात्रा एक अत्यंत महत्वपूर्ण और विशाल आयोजन है। इसे बिना किसी अप्रिय घटना और दुर्घटना के संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कांवड़ मार्गों पर साफ-सफाई, स्वच्छता, सैनिटेशन, प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत, जल निकासी और मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कांवड़ शिविरों में विद्युत सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और अन्य मानकों का पालन कराने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों पर चिकित्सा शिविर, बाइक एंबुलेंस और एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रहे। अस्पतालों में पर्याप्त बेड आरक्षित रखे जाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर श्रद्धालुओं को तत्काल उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि कांवड़ उठाने वाले स्थानों, स्नान घाटों, प्रमुख मंदिरों और जलाभिषेक स्थलों पर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और चिकित्सा व्यवस्था मजबूत रखी जाए।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति पर तत्काल कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और एक्सप्रेस-वे के प्रवेश व निकास बिंदुओं पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सही मार्ग की जानकारी मिल सके।

उन्होंने पड़ोसी राज्यों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही डीजे संचालन को सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुसार कराने, डीजे संचालकों के सत्यापन और स्टंटबाजी जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने को कहा। डीजीपी ने सोशल मीडिया पर अफवाह, भ्रामक खबरों और फेक नैरेटिव पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

## जाणता राजा महानाट्य के पोस्टर का विमोचन

» संवाददाता

मेरठ। दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के द्वारा महानाट्य जाणता राजा का आयोजन होने जा रहा है। रविवार को गढ़ रोड स्थित होटल हार्मनी इन में बैठक हुई। जिसमें नाटक के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन भी किया। बैठक का आयोजन दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक महेंद्र द्वारा किया। अजय गुप्ता ने बताया कि नाटक का आयोजन 22 से 28 अक्तूबर तक गाजियाबाद की सनसिटी में किया जाएगा। बताया कि जाणता राजा केवल एक ऐतिहासिक नाटक नहीं, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति और हिंदवी स्वराज्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। मौके पर राष्ट्रकवि डॉ. हरिओम पवार, समिति के संयोजक विनय चौधरी, दीपक शर्मा, विजय राज सिंह, अरुण जिंदल, हरबीर पाल, अंकुर राणा, शिवकुमार राणा, डॉ. जेबी चिकारा, अजीत कुमार, पवन गुप्ता, वरुण अग्रवाल, राहुल मौजूद रहे।

## जीटीबी क्रिकेट एकेडमी ने ऋषभ को एक विकेट से हराया



» संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे क्रिकेट टूर्नामें ट में सोमवार को ऋषभ क्रिकेट एकेडमी और जीटीबी क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच हुआ। इसमें जीटीबी क्रिकेट एकेडमी ने एक विकेट से जीत प्राप्त की।

ऋषभ क्रिकेट एकेडमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 223 रन बनाए। इसमें शौर्य ने 48, आदित्य ने 44, दक्ष ने 40 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में कुणाल ने दो, अवी ने दो, अभय ने दो, आदित्य और शक्स ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 24.3 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाकर एक विकेट से जीत प्राप्त की। टीम की ओर से आर्नव ने 60, दिव्यराज ने 52, कृष्णा ने 36 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में अरहान ने एक, आईश ने एक, श्रेष्ठ ने एक विकेट लिया। अक्षय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच बल्लेबाजों को आउट किया। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को प्रदान की उपाधियां

» संवाददाता

मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के 19वें दीक्षांत समारोह में उस समय माहौल गंभीर हो गया, जब कुछ पीएचडी शोधार्थियों के शोर करने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यक्रम रुकवाकर शोर कर रहे पांच शोधार्थियों को मंच पर बुलाया और उनसे समस्या पूछी।

आचार्य बालकृष्ण के संबोधन के दौरान कुछ शोधार्थियों के बीच बातचीत और शोर की आवाज आने लगी। इस पर राज्यपाल ने संबोधन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि इतना गरिमापूर्ण कार्यक्रम चल रहा है और इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है। उन्होंने छात्रों को समारोह की मर्यादा बनाए रखने और अनुशासन का पालन करने की सलाह दी। राज्यपाल की समझाइश के बाद समारोह दोबारा शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ा।

दीक्षांत समारोह में कुल 450 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 327 स्नातक, 65 स्नातकोत्तर और 58 पीएचडी शोधार्थी शामिल रहे। विभिन्न संकायों के मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। बीएससी कृषि में शिवम यादव, बीएससी उद्यानिकी में मान्या सिंह और बीवीएससी एंड एएच में आशुतोष शर्मा को प्रमुख स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

## जूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

» संवाददाता

मेरठ। लखनऊ में आयोयित पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश जूडो राज्य स्तरीय महाकुंभ में चौधरी राजपाल सिंह स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर एकेडमी और जनपद का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत मेरठ उपविजेता बना। चौधरी राजपाल सिंह जूडो स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष सतेन्द्र फौजी ने बताया कि एकेडमी प्रशिक्षुओं सिद्धार्थ चौधरी ने मिनी सब जूनियर वर्ग ओपन वेट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। युवान चौधरी ने भी रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सब-जूनियर वर्ग में शुभ शर्मा ने 55 केजी भार वर्ग में स्वर्ण, अनमोल ने 40 केजी में रजत, भूमि ने 44 केजी में स्वर्ण, भक्ति ने 48 केजी में स्वर्ण, आराध्या ने 44 केजी में कांस्य पदक हासिल किया। पुरुष कैडेट वर्ग में सिद्धार्थ ने 55 केजी में कांस्य पदक हासिल किया। प्रशिक्षुओं की उल्लेखनीय सफलता पर अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। एकेडमी पहुंचने पर विजेता प्रशिक्षुओं को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। दौरान किसान मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम सिवाच, रालोद नेता संजय पनवाड़ी, अमित सिवाच, कृष्णपाल इकलौता, एथलीट कोच मनीष सिवाच, सतीश सिवाच, भूपेंद्र एडवोकेट, गोविंद सिवाच आदि रहे।

## जिला टॉपर तेजस अग्रवाल का भव्य स्वागत

मेरठ। नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अशोका एकेडमी के कक्षा 12 के छात्र तेजस अग्रवाल ने मेरठ जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार व पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। तेजस ने परीक्षा में 720 में से 686 अंक अर्जित कर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण सफलता के उपलक्ष्य में सोमवार को अशोका एकेडमी परिसर में सम्मान समारोह हुआ। इसमें तेजस अग्रवाल के साथ उनके पिता विजय कृष्ण अग्रवाल एवं माता प्रीति अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। संस्थापक केडी शर्मा, डायरेक्टर हेड असीम दुबे, प्रधानाचार्या डॉ. पारुल चौधरी, सीनियर कोऑर्डिनेटर राशिका जैन अग्रवाल ने तेजस को बधाई दी।

## कलक्ट्रेट पर आप का प्रदर्शन, पुलिस ने नोकझोंक

» संवाददाता

मेरठ। सोनम वांगचुक के समर्थन तथा पेपर लीक के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने आप नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। पार्टी के जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के आवास पर ही कार्यकर्ता पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से नोकझोंक भी हुई।

आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी रविवार रात में जंतर-मंतर पर पहुंच गए थे। इधर, उनके आवास पर पुलिस पहुंच गए थे। इसके चलते जिला मुख्यालय पर निर्धारित विरोध प्रदर्शन में शामिल न हो सकें। जैसे ही अंकुश चौधरी को हाउस अरेस्ट किए जाने की सूचना पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मिली तो वह उनके आवास पर पहुंच गए। इसके बाद अंकुश अपने साथियों के साथ नारे लगाते हुए आवास से बाहर निकले तो पुलिस ने रोक लिया।

बाद में मौके पर पहुंचे एसीएम सिविल लाइन प्रभाकर त्रिपाठी को आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। अंकुश चौधरी ने कहा कि जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज किए जाने एवं दिल्ली में सांसद संजय सिंह के साथ हुई धक्का-मुक्की, मेरठ में पार्टी पदाधिकारियों को रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है।

# 33 साल बाद अपने पुराने कार्यालय पर लौटे मुख्य सचिव एसपी गोयल

» संवाददाता

मेरठ। प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सोमवार को मेरठ दौरे के दौरान कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद विकास भवन स्थित अपने पुराने कार्यालय का दौरा किया। वर्ष 1993 में मेरठ के मुख्य विकास अधिकारी रह चुके एसपी गोयल ने करीब 33 साल बाद उसी कार्यालय में पहुंचकर पुरानी यादें ताजा कीं और भावुक नजर आए।




मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि ₹यह कार्यालय 33 साल बाद भी वैसा का वैसा ही है, बिल्कुल नहीं बदला।₹ उन्होंने बताया कि उनकी मेरठ में तैनाती से एक वर्ष पहले, 1992 में विकास भवन का निर्माण हुआ था।

बैठक के बाद सर्किट हाउस में भोजन करने के उपरांत मुख्य सचिव अचानक विकास भवन पहुंचे। उनके साथ कमिश्नर भानु चंद्र गोस्वामी, जिलाधिकारी डॉ. वी. के. सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल भी मौजूद रहीं।

सीडीओ कक्ष में प्रवेश करते ही एसपी गोयल ने अपने कार्यकाल की कई यादें साझा कीं। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि उस समय कार्यालय का स्वरूप कैसा था, वह कहां बैठते थे और किस प्रकार आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाता था। उन्होंने अपने कार्यकाल के कई रोचक अनुभव भी सुनाए।

इस दौरान मुख्य सचिव ने वर्तमान सीडीओ नूपुर गोयल को उनकी कुर्सी पर बैठाकर स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा, करीब आधे घंटे तक विकास भवन में रुकने के बाद जिलाधिकारी और सीडीओ ने मुख्य सचिव को मेरठ का प्रतीक 'बिगुल' तथा क्रिकेट की गेंद और बल्ले का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य सचिव का यह दौरा प्रशासनिक कार्यक्रम के साथ-साथ भावनात्मक स्मृतियों से भी जुड़ा रहा, जिसने अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच विशेष उत्साह का माहौल बना दिया।

## भारतीय योग संस्थान के पश्चिमी उप्र के प्रांतीय प्रधान बने रविंद्र सिंह

» संवाददाता

मेरठ। भारतीय योग संस्थान के मुख्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रोहिणी में आयोजित कार्यक्रम में रविंद्र सिंह चौहान को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रांतीय प्रधान नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय प्रधान देसराज गुप्ता ने उत्तर प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों और निवर्तमान प्रांतीय प्रधान निर्मल जैन की मौजूदगी में उनके नाम की घोषणा की। यह जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी यशपाल शर्मा जांगिड़ ने दी। प्रांतीय प्रधान बनने के बाद सोमवार को मेरठ आगमन पर सरस्वती शिशु मंदिर स्थित मूल योग केंद्र पर भव्य स्वागत किया। जितेंद्र सिंह, जिला मंत्री विपिन, क्षेत्रीय प्रधान शंभू दयाल वर्मा, जिला संगठन मंत्री बृजपाल सिंह, जय भगवान, विपुल, पूर्णिमा, डिंपल आदि रहे।

# खाप की नई कार्यकारिणी गठित, 3 उपप्रधान बनाएं, नशे के खिलाफ चलाएगी अभियान

» एजेंसी। रोहतक

27 खाप ब्राह्मण महासभा ने गौड़ शिक्षण संस्था के चुनाव करवाने के लिए मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया है। खाप पदाधिकारियों का कहना है कि चुनाव को करीब 14 साल से लंबित हैं। अब तो कोई अदालत अड़चन नहीं है, सरकार को जल्द से जल्द संस्था के चुनाव करवाने चाहिए। साथ ही पहरावर धाम पर निर्माण कार्य शुरु होने पर पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का आभार जताया और कहा कि जिस तरीके से कार्य चल रहा है, जल्द ही समाज को बहुत बड़ी सौगात मिलेगी।

रविवार को 27 खाप ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों की बैठक प्रधान पंडित सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता पहरावर स्थित गउशाला में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से महासभा में नव सम्मिलित 10 गांवों को संगठनात्मक प्रतिनिधित्व प्रदान करते हुए कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पंडित मामन भारद्वाज (नया बांस) को वरिष्ठ उपप्रधान, पंडित प्रदीप शर्मा (दुजाना) को उपप्रधान तथा पंडित नरेश शर्मा (पहरावर), जो अखिल भारतीय गौशाला पहरावर के प्रधान भी हैं, को सक्रिय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।



उपप्रधान मामन शर्मा ने कहा कि समाज ने उन पर जो विश्वास व्यक्त करते हुए सम्मान और उत्तरदायित्व की पगड़ी पहनाई है, उसका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं तन-मन-धन से करेंगे।

महासभा के प्रधान पंडित सत्यनारायण शर्मा महराणा ने कहा कि 27-खाप ब्राह्मण महासभा का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि संपूर्ण ब्राह्मण समाज का संगठन, सम्मान और सशक्तिकरण है। उन्होंने कहा कि नए गांवों की सहभागिता से महासभा और अधिक व्यापक, सुदृढ़ एवं प्रभावशाली बनेगी तथा समाजहित के कार्यों को नई गति मिलेगी और महासभा के पदाधिकारी जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में विशेष तौर पर महासचिव प्रोफेसर गौतम राम कौशिक (डीघल), डिप्टी कमांडेंट पंडित दीपचंद कौशिक (डीघल), पंडित रोहतास शर्मा (गांगटान), सूबेदार महेंद्र शर्मा (शेरिया), महेश शर्मा (शेरिया), पंडित शिवकुमार साहब (गोच्छी), पंडित राम अवतार भारद्वाज (गोच्छी), पंडित जयप्रकाश (गोच्छी), पंडित शिवकुमार शर्मा (भंभेवा), पंडित शिवनारायण शर्मा (महराणा), इंस्पेक्टर दिनेश गौड़ (महराणा), पंडित हरिओम शर्मा (महराणा), एडवोकेट पंडित सोनू कौशिक (दुजाना), इंस्पेक्टर पंडित सतीश शर्मा (बिरधाना), पंडित सुबे शर्मा (मदाना खुर्द), पंडित तेजराम (मदाना कलां), पंडित हरज्ञान शर्मा (धांधलान), इंस्पेक्टर पंडित कविंदर शर्मा (गोच्छी), पंडित वासुदेव शर्मा (पहरावर), पंडित जय भगवान शर्मा (पहरावर) सहित ब्राह्मण समाज के अनेक प्रबुद्ध, वरिष्ठ एवं सम्मानित उपस्थित रहे।




## लेक फॉरेस्ट ट्रेल रन में रोहतक रनर्स के धावकों ने किया शानदार प्रदर्शन

» एजेंसी। रोहतक

प्रोफिट स्पोर्ट द्वारा रविवार 19 जुलाई को अरावली की पहाड़ियों में ₹लेक फॉरेस्ट ट्रेल रन₹ का आयोजन किया गया। यह सेल्फ नेविगेशन आधारित टीम रन था, जिसमें 2-2 सदस्यों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 12 कि.मी., 18 कि.मी., 33 कि.मी. और 42 कि.मी. की चार कैटेगरी रखी गई थीं। अरावली के दुर्गम ट्रेल और प्राकृतिक रास्तों पर लगभग 400 धावकों ने भाग लेकर अपनी सहनशक्ति और खेल भावना का परिचय दिया। रोहतक रनर्स ग्रुप ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रुप के वरिष्ठ धावक संजय मलिक और रविन्द्र दहिया की जोड़ी ने 33 किमी टीम कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। कठिन चढ़ाई, गर्मी और चुनौतीपूर्ण ट्रेल के बावजूद दोनों ने आपसी तालमेल से दौड़ पूरी की। आयोजन समिति ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।

## पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

» एजेंसी। फरीदाबाद

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (फरीदाबाद पूर्व) द्वारा आज सेक्टर 10 स्थित वृद्ध आश्रम (मिसिंग पर्सन हेल्पलाइन, नजदीक जी-134) में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। 'एक पेड़, देश के नाम' अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्ध लोगों और संस्थाओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पार्षद मुकेश अग्रवाल, प्रख्यात समाजसेवी बनवारी लाल गर्ग, सेक्टर-9 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रणवीर चौधरी, सेक्टर-9 मार्केट कमेटी अध्यक्ष सतवीर चौधरी, डॉक्टर संजय गर्ग, सुभाष गर्ग, चेयर पर्सन राम निवास झवेरी, किशन एएसआई, अतुल मंगला सह संयोजक, गैर सरकारी संगठन प्रमुख मोनिका, सरिता गोयल, करन गोयल, खुशी एवं वृद्ध आश्रम संस्था की संचालिका अनीता मलिक उपस्थित रहे।

## शिव लाल अकादमी 4 विकेट से जीती

» एजेंसी। गुरुग्राम

जिले के एसएल क्रिकेट अकादमी के मैदान पर सोमवार को शिव लाल क्रिकेट अकादमी और आर क्यूब अकादमी के बीच 40 ओवर का मैच खेला गया। इसमें शिव लाल अकादमी की टीम ने आर क्यूब क्रिकेट अकादमी की टीम को चार विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर आर क्यूब अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# विकसित भारत 2047 के लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होगा कॉस्ट मैनेजमेंट: धर्मबीर सिंह

» एजेंसी। गुरुग्राम

द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) के नॉर्दर्न इंडिया रीजनल काउंसिल (एनआईआरसी) द्वारा गुरुग्राम में हरियाणा के एमएसएमईः विकसित भारत 2047 की यात्रा को सशक्त बनाना विषय पर राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मबीर सिंह ने शिरकत की। सम्मेलन की मेजबानी एनआईआरसी के सबसे बड़े चैप्टर तथा लगातार तीन वर्षों से बेस्ट चैप्टर रहे गुरुग्राम चैप्टर द्वारा की गई।




मुख्य अतिथि सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण शक्ति बनाने और एमएसएमई क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बनाने में कॉस्ट एवं मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स (प्रबंधन लेखाकार) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उर्वरक एवं कृषि इनपुट जैसे क्षेत्रों में कॉस्ट रिकॉर्ड्स (लागत रेखांकन) के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि वैज्ञानिक लागत निर्धारण से घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। नीति निर्माण को मजबूती मिलेगी तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। मुख्य वक्ता राजीव के. चावला, चेयरमैन, जय राज ग्रुप, सीएमए विवेक कुमार चिप्पा, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जयपुर तथा मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक, नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन (एनएसआईसी) ने भी अहम बातें साझा कीं। सम्मेलन में सीएमए राजीव मेहरोत्रा, सदस्य, सुप्रीम कोर्ट की एम्पावर्ड कमेटी, सीएमए एस. के. सिन्हा, निदेशक (वित्त), गेल, सीएमए अशोक कुमार, निदेशक (वित्त), नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन तथा सीएमए सौरव मित्रा, निदेशक (वित्त), पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कॉर्पोरेट गवर्नेंस, वित्तीय अनुशासन, सतत विकास तथा औद्योगिक प्रगति में वित्तीय नेतृत्व की भूमिका पर अपने विचार सांझा किए।

## एडीसी तरुण कुमार पावरिया ने सुनीं 128 नागरिकों की समस्याएं

» एजेंसी। नारनौल

समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने 128 नागरिकों की शिकायतों को सुना और उनके जल्द से जल्द निपटारे के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने एक-एक कर सभी फरियादियों से बात की और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही जरूरी कार्रवाई करने के आदेश दिए। एडीसी ने बताया कि प्रत्येक उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे इन शिविरों में हर प्रकार की नागरिक समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को तुरंत समाधान पोर्टल पर अपलोड किया जाता है, ताकि विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की अंतिम चरण तक निगरानी की जा सके। यह सरकार का एक बेहद सराहनीय और संवेदनशील कार्यक्रम है, जिससे आम जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। इस मौके पर एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, डीएसपी भारत भूषण तथा सीटीएम डॉ. मंगल सेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# बसई डब्ल्यूटीपी में 100 एमएलडी के नए संयंत्र निर्माण को मंजूरी

» एजेंसी। गुरुग्राम

शहर में पेयजल आपूर्ति को और बेहतर करने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) बसई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) का विस्तार करेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में 149 करोड़ रुपये की इस परियोजना को मंजूरी दी गई। इसके तहत बसई संयंत्र में 100 एमएलडी की चौथी यूनिट का निर्माण होगा। इससे प्लांट की जल शोधन क्षमता 270 से बढ़कर 370 एमएलडी हो जाएगी।

जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा ने बताया कि परियोजना के तहत 100 एमएलडी क्षमता की फिल्ट्रेशन यूनिट-4 का निर्माण, 300-300 मिलियन लीटर क्षमता के दो सेडिमेंटेशन-कम-स्टोरेज टैंक, रॉ वाटर पाइपलाइन, आधुनिक ऑटोमेशन और मॉनिटरिंग सिस्टम सहित अन्य सिविल कार्य किए जाएंगे। इस परियोजना को पूरा होने में 30 महीने का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि नई यूनिट शुरू होने के बाद बसई डब्ल्यूटीपी की क्षमता 370 एमएलडी हो जाएगी। इससे मौजूदा और नए विकसित हो रहे रिहायशी क्षेत्रों में पेयजल की बढ़ती मांग को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सकेगा। अतिरिक्त स्टोरेज क्षमता के कारण अधिक मांग और रखरखाव के दौरान भी जलापूर्ति प्रभावित नहीं होगी तथा दूर-दराज के इलाकों तक पानी की आपूर्ति में सुधार होगा। वर्तमान में जीएमडीए बसई और चंदू बुढेरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 670 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। बसई डब्ल्यूटीपी में फिलहाल तीन फिल्ट्रेशन यूनिट हैं, जिनकी कुल क्षमता 270 एमएलडी और भंडारण क्षमता 1,385 मिलियन लीटर है।

## झज्जर के कुलाना चौक पर ट्रक ने मारी ऑटो को टक्कर

» एजेंसी। झज्जर

कुलाना चौक पर सोमवार अल सुबह एक ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। गालों में से दो को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन मथुरा निवासी दिनेश ने बताया कि वह अपने 10-12 अन्य साथियों के साथ खाटू श्यामजी के दर्शन करने के लिए राजस्थान गए थे। वहां से दर्शन करके सोमवार सुबह वापस बहादुरगढ़ जा रहे थे। कुलाना चौक के पास एक ट्रक ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में मथुरा के ही दिनेश की मौत हो गई जबकि जयप्रकाश, टिंकू, प्रमोद, दीपू और करण गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से प्रमोद और दीपू को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला प्रशासन की बिना अनुमति के नहीं लगेंगे कांवड़ यात्रा शिविर

» एजेंसी। पलवल

जिले में कांवड़ यात्रा के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधीश डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने धारा-163 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार जिले में 30 जुलाई से 11 अगस्त जलाभिषेक तक संबंधित उपमंडल अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति, संस्था या संगठन कांवड़ शिविर स्थापित नहीं कर सकेगा। जिलाधीश डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पलवल से गुजरने की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, अव्यवस्था अथवा कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधीश की ओर से जारी आदेशों के अनुसार कांवड़ शिविर लगाने के लिए पलवल, होडल और हथीन एसडीएम से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। शिविर केवल दिल्ली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईं ओर मथुरा दिशा की ओर मुख्य सड़क से लगभग 100 फीट की दूरी पर स्थापित किए जाएंगे। साथ ही कांवड़ शिविरों के बीच न्यूनतम दो किलोमीटर की दूरी रखना भी आवश्यक है। यह आदेश 11 अगस्त की रात्रि जलाभिषेक तक प्रभावी रहेंगे। आपात परिस्थितियों एवं समय की कमी को देखते हुए यह आदेश जनहित में तत्काल प्रभाव से जारी किए गए हैं।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844